एक दिवसीय पर्यावरण जागरूकता विषय पर कार्यक्रम, दिनांक : 31.10.2019

वन उत्पादकता संस्थान,रांची के निदेशक एवं समूह समन्वयक (अनुसंधान) के निर्देशन में दिनांक 31.10.2019 को पर्यावरण जागरूकता विषय पर झारखंड राज्य के III NCC बटालियन के परिसर मे कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के समूह समन्वयक (अनुसंधान) डा. योगेश्वर मिश्रा ने वन एवं पर्यावरण के संरक्षण एवं सुधार हेतू देश के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्र मेँ स्थापित एवं भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद द्वारा संचालित वन अनुसंधान संस्थानों के योगदान को रेखांकित किया। उन्होने पूर्वी क्षेत्र मेँ स्थापित वन उत्पादकता संस्थान, रांची मेँ पिछले कई वर्षो से किए जा रहे अनुसंधान तथा इससे लाभान्वित एजेसीं जैसे कोल माइन्स, सेल आदि के द्वारा उठाए जा रहे कारगार कदमों का उल्लेख किया। विभिन्न स्त्रोतों द्वारा पर्यावरण प्रदूषण के कारणों की विस्तृत व्याख्या की तथा इससे निपटने के लिए जमीनी स्तर पर कार्यवाही का आहवाहन किया जिसमे शाला तथा महाविद्यालयों के छात्रों की सहभागिता महत्वपूर्ण हो सकती हैं। वर्तमान मेँ कुल भौगोलिक क्षेत्र का बहुत कम क्षेत्र वनाच्छादित रह गया हैं अतः वनीकरण के प्रयासों के द्वारा न्यूनतम 33% वनाच्छादित क्षेत्र के लक्ष्य को प्राप्त करना मुख्य उदेश्य होना चाहिए।

चुकि बांस बहुत तेजी से बढ्ने वाली प्रजाति हैं। अतः राष्ट्रीय स्तर पर इसका वृहद वृक्षारोपण किए जाने पर बल दिया गया। 2017 मेँ पारित अध्यादेश द्वारा बांस को पूरी तरह वन क्षेत्र से अलग कर दिया गया है। अतः कृषक वर्ग इसे अपनी जमीन पर या परती जमीन पर लगाकर इसकी कटाई भी कर सकता है तथा अतिरिक्त आय अर्जित कर सकता है। डॉ. मिश्रा ने यह भी बताया की बांस को शुप्त जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कार्बन सिंक के प्रमुख स्त्रोत के रूप मेँ शामिल कर लिया गया हैं। अतः बांस के विभिन्न प्रजातियों का रोपण स्थल के अनुसार किया जा सकता हैं। राष्ट्रीय बांस मिशन द्वारा भी बांस क्षेत्र के वृद्धि हेतु पर्याप्त वितीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही हैं।

झारखंड राज्य के III NCC बटालियन के कमांडेंट श्री नरेश चाँद एवं कर्नल श्री आर.के. झा ने संस्थान के अधिकारियों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम का संचालन कर्नल आर.के. झा द्वारा किया गया एवं व्याख्यान समापन के बाद संस्थान के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद किया। इस अवसर पर झारखंड राज्य के लगभग 200 NCC के विद्यार्थियों ने भाग लिया। संस्थान के समूह समन्वयक अनुसंधान एवं NCC III – झारखंड के कर्नल ने NCC के विद्यार्थियों के साथ बांस का पौधरोपण भी किया। परिसर मेँ बांस के लगभग 110 पौधे लगाए गए।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने मेँ संस्थान के श्री एस. एन. वैध, मुख्य तकनीकी अधिकारी , श्री सूरज कुमार, तकनीकी सहायक एवं श्री महेश कुमार, वरिष्ठ तकनिशियन ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

झारखंड राजय के III NCC Batallion के Commandant, Mr. Naresh Chand द्वारा स्वागत एवं समूह समन्वयक द्वारा (अनुसंधान) व्याख्यान

आज कैथोलिक मनाएगा मृतकों का पर्व: धूमधाम से शनिवार को कैथोलिक कलीसिया के द्वारा धूमधाम से मृतकों का पर्व मनाया जाएगा। आयोजन सभी कैथोलिक कलीसिया के कब्रिस्तानों में होगा। इसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है।

में किया जाएगा। हिनू से चलकर नाथ ऑफिस पाड़ा नरेन्द्र पाल सिंह के निवासस्थान एवं सत्यं शिवं अपार्टमेंट तक जाएगी। यह जानकारी गगनदीप सिंह सेठी ने दी। (वसं)

पर्यावरण संरक्षण

थी एनसीसी बटालियन झारखंड के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण कैंप कमांडर ब्रिगेडियर संजय कुमार प्रसाद ने किया। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण कर कैडेटों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कैडेटों का मनोबल भी बढ़ाया।

वन उत्पादकता संस्थान के समूह समन्वयक (अनुसंधान) द्वारा व्याख्यान एवं पौधरोपण